15 हजार गॉवो में निकलेगा सम्पूर्ण ग्राम विकास अभियान

स्वच्छता, साक्षरता, कुरीति उन्मूलन, नशामुक्ति तथा आध्यात्मिक जागृति होगा मिशन

आबू रोड, 6 सितम्बर, निसं। राजयोग एज्यूकेशन एवं रिसर्च फाउण्डेशन के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा 15 हजार गॉवों में साक्षरता, स्वच्छता, कुरीति उन्मूलन, नशामुक्ति, आध्यात्मिक जागृति के जरिये अंधविश्वास मिटाने के मिशन के साथ ब्रह्माकुमारीज संस्था के आबू रोड से सम्पूर्ण ग्राम विकास अभियान का शुभारम्भ किया गया।

अभियान का झरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते हुए दांतीवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय के शोध निदेशक एस0 वी0 टीका ने कहा कि इस अभियान से लोगों को अन्दर शाश्वत और यौगिक खेती के साथ-साथ आध्यात्मिक जागृति आयेगी और ग्रामीणों के अन्दर नया दृष्टिकोण पैदा होगा। उन्होंने शाश्वत और यौगिक खेती के परिणामों पर कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में इसके शोध के नये नतीजे आये है जिसे लोगों तक पहुंचाना आवश्यक है।

ग्राम विकस प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र0 कु0 मोहिनी ने कहा कि यह अभियान पूरे भारत के उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, उड़ीसा, गुजरात, कर्नाटक के मुख्य शहरों से होते 15 हजार गॉव में जायेगा। इस अभियान में चार सौ वाहन तथा 15 सौ अभियान यात्री शामिल होंगे तथा 15 हजार गॉवो तहत पचास हजार किलोमीटर दूरी तय करेंगे। इस अभियान का लक्ष्य ग्रामीणों को स्वच्छता, साक्षरता, कुरीति उन्मूलन, अंधविश्वास मिटाना, सरकार की नयी योजनाओं से अवगत कराना, नशामुक्ति, खुशहाल पारिवारिक जीवन के बारे में अवगत कराना तथा प्रेरित करना है।

राष्ट्रीय संयोजिका ब्र0 कु0 सरला ने कहा कि इस सम्मेलन के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पंच-सरपंच सम्मेलन, कृषकों के उन्नत खेती हेतु संगोष्ठियां, नशामुक्ति कैम्प, खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए विशेषज्ञों द्वारा काउन्सलिंग तथा सरकार की मुख्य योजनाओं से भी अवगत कराया जायेगा। इसमें ग्रामीण विकास से सम्बन्धित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भी सम्मिलित किया जायेगा।

इस अवसर पर देश के मुख्य शहरों तथा अभियान क्षेत्र के मुख्य प्रदेशों से आये अभियान में सम्मिलित होने वाले यात्रियों को झंडे और कलश देकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अभियान का शुभारम्भ करेंगे। इसके साथ ही अभियान यात्रियों को गॉवों की विशेष योजनाओं के लिए एक दिन का प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें सभी को जानकारी प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम के दौरान ज्ञानामृत के सम्पादक ब्र0 कु0 आत्मप्रकाश, कार्यक्रम निदेशिका ब्र0 कु0 मुन्नी, गुजरात जोन की मुखिया ब्र0 कु0 सरला आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

अन्त में कार्यक्रम में धन्यवाद प्रस्ताव मुख्यालय संयोजक ब्र0 कु0 राजू ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन आदिपुर से आयी रसायन विज्ञान की प्रोफेसर ब्र0 कु0 किरन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

फोटो, 6एबीआरओपी, 1, 2, 3, 4 कलश धारी अभियान यात्रियों को दिशा निर्देश देती राष्ट्रीय संयोजिका ब्र0 कु0 सरला तथा अन्य।